**हादसा टला** | जब अचानक सड़क पर गिरा नेताओं का फ्लैक्स

# बीच सड़क पर टंगे नेताओं के फ्लैक्स कहीं बन जाएं मौत की वजह

**तीन पत्ती के पास का मामला**

**जिम्मेदारों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल**



पहले की स्थिति | उठाकर किनारे रखने की स्थिति



सड़क पर पड़ा हुआ फ्लैक्स

**नवभारत,जबलपुर।** पुराने बस स्टैंड तीन पत्ती के पास सोमवार दोपहर उस वक्त एक बड़ा हादसा होते होते बच गया जब तेज हवा में बीच सड़क में रखा हुआ नेताओं का लोहे की रॉड वाला फ्लैक्स अचानक सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि ये फ्लैक्स किसी राहगीर के ऊपर नहीं गिरा नहीं तो किसी बड़ी सड़क दुर्घटना से बिल्कुल भी इंकार नहीं किया जा सकता था। इस घटनाक्रम ने नगर निगम प्रशासन पर सवाल ये खड़े किए कि बीच सड़क पर निगम मुख्यालय से कुछ दूरी पर नेताओं के टंगे फ्लैक्स व्यवस्थित क्यों नहीं गए। उधर जानकारों का कहना है कि नगर निगम के अमले को अभी शहर के अवैध अतिक्रमण नजर आ रहे हैं उसके अलावा शहर के कई इलाकों में टंगे हुए ऐसे बड़े बड़े फ्लैक्स, होर्डिंग्स नजर नही आ रही है। इस संबंध में राहगीर अविनाश ने नवभारत को बताया कि वह रास्ते से गुजर रहा था तभी पुराने बस स्टैंड तीन पत्ती के पास बीच सड़क के टंगा नेताओं का फ्लैक्स सड़क पर गिर गया जिसके बाद उसने अपना वाहन रोका और फ्लैक्स को उठाकर किनारे रखा।

### जिम्मेदारों ने अभी तक नहीं उठाया जिम्मा

विदित हो कि इसके पहले भी शास्त्री ब्रिज में ऊपर टंगे हुए कई फ्लैक्स तेज आंधी तूफान में अचानक नीचे सड़क पर आकर गिर गए थे। बावजूद इसके जिम्मेदारों द्वारा इस तरह के खतरनाक होर्डिंग्स, फ्लैक्स को व्यवस्थित करने का जिम्मा नहीं उठाया गया है। इससे ये तो स्पष्ट नजर आ रहा है कि निगम का अमला खुद शहर में किसी बड़ी दुर्घटना को अपनी लापरवाही से आमंत्रित कर रहा है।

## बहुचर्चित टीटी नगर डकैती कांड में मिली आरोपी को जमानत

**जबलपुर।** भोपाल के बहुचर्चित डकैती कांड में एक आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत का लाभ मिल गया है। आवेदक की तरफ से तर्क दिया गया कि वह विगत एक साल से जेल में निरुद्ध है और पीड़ित ने शिनाख्त परेड में उसकी पहचान नहीं की थी। हाईकोर्ट जस्टिस आर के वाणी की एकलपीठ ने आरोपी को सशर्त जमानत का लाभ प्रदान किया है। गौरतलब है कि टीटी नगर में व्यापारी के साथ हुए डकैती के आरोप में आरोपी रेहान अली को गिरफ्तार किया था। उसकी तरफ से हाईकोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वह विगत 16 जून 2025 से न्यायिक हिरासत में है। उसके पास से सिर्फ छह लाख रुपये नगद ज़ब्त किये है। पीड़ित ने शिनाख्त परेड में उसकी पहचान नहीं की है। आवेदक का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। ट्रायल पूरी होने में काफी समय लग सकता है। राज्य सरकार की तरफ से जमानत आवेदन का विरोध किया गया।


medanta

जबलपुर में मेदांता विशेषज्ञों से परामर्श करें

बेहतर चिकित्सा विशेषज्ञता अब आपके और भी नजदीक।

दिशा मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थ केयर (भंडारी अस्पताल की एक इकाई) चौथे पुल के पास, जबलपुर

डॉ. अमित भार्गव, डायरेक्टर, मेडिकल एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी — गुरुवार, 11 जून 2026 — 10 बजे से 1 बजे तक

डॉ. देबाब्रता मुखर्जी, सीनियर डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांस्प्लांट मेडिसिन — शुक्रवार, 12 जून 2026 — 11 बजे से 4 बजे तक

डॉ. रिशु बंसल, कंसलटेंट, न्यूरोलॉजी — शनिवार, 13 जून 2026 — 4 बजे से 8 बजे तक

अपॉइंटमेंट के लिए: 93294-85162


# रिटायर्ड अधिकारी से 2.61 लाख की ठगी

**नवभारत,जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी में एक शातिर ठग ने क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर आबकारी विभाग के एक रिटायर्ड बुजुर्ग अधिकारी के खाते से 2,61,718 पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, यादव कॉलोनी स्थित आश्रय परिसर में रहने वाले 75 वर्षीय जवाहर लाल चौरसिया आबकारी विभाग से रिटायर्ड पेंशनर हैं। उनका बैंक खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कमला नेहरू नगर, गढ़ा शाखा में है। उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने बेहद शातिराना अंदाज में बात करते हुए कहा, आपके अकाउंट पर क्रेडिट कार्ड का ऑफर है, अगर आप चाहें तो मैं इसे एक्टिवेट कर देता हूँ। बुजुर्ग जालसाज के झांसे में आ गए और उन्होंने कार्ड बनवाने के लिए हामी भर दी। इसके तुरंत बाद ठग ने उनके मोबाइल पर एक अज्ञात लिंक भेजा। जवाहर लाल ने जैसे ही उस लिंक को ओपन किया, पलक झपकते ही उनके खाते से 2,61,718 कटने का मैसेज आ गया। इतनी बड़ी रकम गायब होने से घबराए बुजुर्ग ने तुरंत इसकी जानकारी अपने बेटे क्षितिज कुमार चौरसिया और पत्नी को दी। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से आरोपी के मोबाइल नंबर और बैंक ट्रांसफर हिस्ट्री को खंगाल रही है, ताकि आरोपी तक पहुँचा जा सके।

### 5 ट्रांजेक्शन खाते से निकाले 2.75 लाख

पनागर थाना अंतर्गत उमरिया पठरा में साइबर ठग ने एक युवक के खाते में सेंध लगाते हुए पांच ट्रांजेक्शन करते हुए 2.75 लाख रूपए पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक धर्मेन्द्र कुमार काछी 39 वर्ष निवासी उमरिया पठरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका खाता यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा पनागर में है मोबाईल में फोन पे गूगल पे के माध्यम से अपने खातों के पैसों को लेनदेन करता है। यूपीआई के माध्यम से साइबर ठग ने 5 बार में 2 लाख 74 हजार 487 रूपये उसके खाते से ट्रांसफर कर लिए है।

# रोटरवेटर में फंसे बालक की मौत

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत खापा ग्वारी में सोमवार को कृषि कार्य के दौरान खेत में ट्रैक्टर में लगे रोटरवेटर की चपेट में आने से बुरी तरह फंसकर एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। हृदयविदारक हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है। परिजनों में चीत्कार मची हुआ है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। पुलिस के मुताबिक, खापा ग्वारी निवासी अन्नू कुमार नामदेव सिलाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके तीन बेटों में से मंझला बेटा हर्ष नामदेव 16 वर्ष सोमवार को गांव के ही अजय पटेल के ट्रैक्टर में बैठकर खापाहार गया हुआ था। खापाहार में संतोष पटेल के खेत में ट्रैक्टर से रोटरवेटर चलाकर जुताई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान हर्ष अचानक चालू रोटरवेटर की चपेट में आ गया। मशीन के ब्लेड्स की मार से हर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही खेत में अफरा-तफरी मच गई और भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है साथ ही लापरवाही के बिंदुओं पर भी जांच चल रही है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# 4 साल से एक ही थाने में जमे 73 पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर

**पीएचक्यू के फरमान पर एसपी ने किया फेरबदल महकमे में हड़कंप**



**नवभारत, जबलपुर।** पीएचक्यू के फरमान पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महकमे में फेरबदल किया है। चार साल या उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर अंगद की तरह पैर जमाए बैठे 73 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। एसपी द्वारा तबादले का आदेश जारी होते ही पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस मुख्यालय का स्पष्ट और कड़ा निर्देश है कि जो भी पुलिस कर्मचारी एक ही थाने, चौकी, कार्यालय या विशेष इकाई में लगातार 4 साल का सेवाकाल पूरा कर चुका है, उसका तबादला अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी निर्देश के तहत एसपी सम्पत उपाध्याय ने जिले भर की कुंडली खंगालकर ऐसे 73 कर्मचारियों को चिन्हित किया और उनकी नवीन पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए।

इस बंपर ट्रांसफर लिस्ट में शहर से लेकर देहात तक के थाने और पुलिस की शाखाएं शामिल हैं। फेरबदल की जद में कोतवाली, ओमती, घमापुर, सिविल लाइन, रांझी, खमरिया, ग्वारीघाट, गढ़ा, गोहलपुर, हनुमानताल, बेलबाग, गोराबाजार, केंट, पाटन, चरगवां और बेलखेड़ा थाना शामिल हैं।

इसके अलावा विशेष और तकनीकी शाखाएं जैसे अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच), यातायात, साइबर सेल और अजाक थाना शामिल हैं। कानून व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए इस कार्रवाई को बेहद अहम माना जा रहा है। एक ही जगह पर लंबे समय तक जमे रहने के कारण स्थानीय स्तर पर बनने वाले गठजोड़ को तोड़ने के लिए यह रूटीन लेकिन अनिवार्य प्रक्रिया अपनाई गई है। आदेश में साफ किया गया है कि सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मी तुरंत अपनी नई जिम्मेदारी संभालें।

# मोबाइल झपटकर भागे स्कूटी सवार लुटेरे

**नवभारत, जबलपुर।** विजयनगर थाना अंतर्गत कचनार सिटी शिव मंदिर से दर्शन कर पैदल लौट रहे युवक के हाथ से स्कूटी सवार दो शातिर बदमाश एप्पल कंपनी का कीमती मोबाइल छीनकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मूलतः रूपदौन थाना घंसौर, जिला सिवनी निवासी 30 वर्षीय अंकित नायक वर्तमान में गढ़ा के श्यामनगर गौतम मढ़िया में रहते हैं। बीती रात करीब 10-10 बजे वह कचनार सिटी शिव मंदिर में माथा टेककर पैदल अकेले वापस आ रहे थे। रास्ते में उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। वह फोन पर बात करते हुए चिल्ड्रंस बुक हाउस के सामने पहुंचे ही थे कि पीछे से एक स्कूटी आकर रुकी। पीड़ित ने बताया कि स्कूटी पर दो लड़के सवार थे। पीछे बैठे बदमाश ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। इससे पहले कि अंकित कुछ समझ पाते, कपड़े वाले लड़के ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से एप्पल का मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी तेजी से अहिंसा चौक की तरफ भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब चिल्ड्रंस बुक हाउस और अहिंसा चौक मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोचा जा सके।

# देव दत्तात्रेय पब्लिक ट्रस्ट मंदिर मामले में दायर याचिका निरस्त

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने देव दत्तात्रेय पब्लिक ट्रस्ट मंदिर सागर के मामले में लोक न्यास गठित करने के विरुद्ध दायर याचिका निरस्त कर दी। न्यायालय ने मामले में स्पष्ट किया कि राज्य को अपनी अधिसूचना वापस लेने का अधिकार है। अधिसूचना वापस लेने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया विधि के अनुसार नहीं थी, लेकिन अधिसूचना वापस लेने का अंतिम निर्णय विशुद्ध रूप से प्रशासनिक है और यह पाया गया है कि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 166 के दायरे में मंत्री की स्वीकृति से पारित किया गया है। जिस पर दोष नहीं दिया जा सकता। याचिका में कोई तथ्य नहीं है इसे निरस्त किया जाता है।

दरअसल, मामला अरुण कुमार शेंडे की याचिका से संबंधित था, जिनके निधन के बाद रवि शेंडे कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। उनकी मांग थी कि विवादित आदेश को निरस्त कर दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वह अवैध, दुर्भावनापूर्ण और मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। स्व. विश्वनाथ राव शिंदे ने गौर झामर ग्राम में खसरा संख्या 336, क्षेत्रफल 3.04 एकड़ और खसरा संख्या 343/1ए क्षेत्रफल 0.13 एकड़, कुल 3.17 एकड़ कृषि भूमि खरीदी थी। फतेहपुर गांव में खसरा संख्या 39, क्षेत्रफल 0.45 एकड़, अयोध्या प्रसाद गौर झामर की विधवा रानी बहू द्वारा 2 अप्रैल 1943 को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से श्री देव दत्तात्रेय मंदिर मोहतमिन पंडित विश्वनाथ शिंदे के नाम पर हस्तांतरित किया गया था। मंदिर और कृषि भूमि याचिकाकर्ता के पिता विश्वनाथ राव के अनन्य कब्जे में रही, जो कृषि भूमि से प्राप्त आय से देवता की पूजा करते थे। रानी बहू ने वर्ष 1967 में मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 की

## युवती से बात करने पर युवक को मारी चाकू

**नवभारत, जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत बढ़ई में युवती से बात करने पर बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक चंदन पटेल 26 वर्ष निवासी दर्शनी ने ने रिपोर्ज दर्ज कराई कि उसके चाचा चिंटू उर्फ मुकुल लोधी 26 वर्ष गांव की एक युवती से बातचीत करता था जिसको लेकर बीती रात लगभग 8-30 बढ़ई के पास शिवम रजक, दुर्गेश रजक एवं एक अन्य एक ने उसके साथ मारपीट मारपीट की। शिवम रजक ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर चाचा को गंभीर चोट पहुंचा दी।



# उड़िया मोहल्ला में निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**नवभारत,जबलपुर।** तिलक वार्ड अंतर्गत उड़िया मोहल्ला क्षेत्र में विभिन्न स्थान पर निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस संबंध में पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि वर्षों से उपेक्षित पाइप लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई रोड जर्जर पड़ी नाली पुलिया के निर्माण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी पूर्व विधायक विनय सक्सेना प्रदेश प्रतिनिधि रमेश चौधरी, क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक महेश यादव सल्लू भैया,कांग्रेस नेता नील चंद यादव प्रकाश यादव की उपस्थिति में किया गया। अब उड़िया मोहल्ला क्षेत्र स्थित झंडा चौक के पास रोड नाली पुलिया 20 लाख की लागत से निर्माण कर किया जाएगा वर्षों से उपेक्षित क्षेत्र में कार्य शुरू होने पर क्षेत्रीय जन नें प्रसन्नता जाहिर की एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

## शिक्षक के सूने मकान में चोरी, जेवर ले उड़े चोर

**नवभारत,जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत अनमोल परिसर में एक शासकीय शिक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित का पूरा परिवार अपने पैतृक गांव गया हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अनमोल परिसर निवासी नरेश कुमार उपाध्याय (56) शासकीय शिक्षक हैं। वह अपने पैतृक गांव पड़रिया कटंगी गए हुए थे। उनकी पत्नी भी बच्चों के साथ घर पर ताला लगाकर गांव के लिए निकली थीं।

# 196 ने तोड़ा यातायात कानून, 84, 500 वसूले, प्रकरण न्यायालय भेजा



**नवभारत,जबलपुर।** यातायात कानून तोड़ने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। चेकिंग उखरी चौक, नौदरा, बडा पत्थर, छोटी लाईन, रद्दी चौकी, यादगार चौक, रिछाई मोड, शारदा चौक, आई.एस.बी.टी. में चेकिंग लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 11 वाहन चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। प्रकरण न्यायालय के लिए भेजा गया। इसी प्रकार यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 180 वाहन चालकों के खिलाफ 84 हजार 500 रूपये समन शुल्क वसूला गया। चैकिंग प्वाईट पर कार्रवाई एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात सुश्री अंजना तिवारी, के मार्ग निर्देशन में की गई।

## अयाज खान तिलक वार्ड के कांग्रेस प्रभारी नियुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** एडवोकेट अयाज खान को लोकमान्य तिलक वार्ड क्रमांक 23 का नया कांग्रेस प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति मप्र कांग्रेस संगठन प्रभारी संजय कामले के निर्देश पर जबलपुर प्रभारी राजकुमार खुराना एवं संगठन महासचिव रितेश बंटी गुप्ता की सहमति से शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा द्वारा की गई है। इस नई जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता प्रवेंद्र चौहान, जावेद खान, फैजान कुरैशी और आसिफ मंसूरी आदि ने उन्हें प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है।

# अवैध कब्जों को हटाकर दी जाए राहत



**नवभारत,जबलपुर।** करमेता वार्ड क्रमांक 73 स्थित शारदा विहार कॉलोनी के रहवासियों ने सहायक आयुक्त नगर निगम को शिकायत करते हुए बताया है कि उनके क्षेत्र में कुछ रहवासियों द्वारा अपने घर की दीवार की सीमा से बाहर की ओर अवैध कब्जा कर लिया है जिससे उन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय रहवासी मदन सिंह, अजय कश्यप, मुन्नी सोनी, शंभू राय, सुनीता राजपूत, आशीष तिवारी, आशा सेन सहित अन्य ने बताया कि निगम प्रशासन से मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मौके पर का निरीक्षण किया जाए और अवैध कब्जों को हटाकर लोगों को राहत दी जाए। स्थानीय रहवासियों ने ये भी बताया कि क्षेत्र में किए गए अवैध कब्जों से आवागमन में बाधा, आपात स्थिति में एंबुलेंस निकलने में परेशानी, नालियों के पानी निकलने में समस्या महसूस हो रही है।

# युवकों को पर चलाई गोली, बाल-बाल बचे

**चंदन कॉलोनी गंगानगर में देर रात वारदात**



**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत चंदन कॉलोनी गंगानगर में देर रात कार सवार एक बदमाश ने बाइक सवार युवकों को देखकर विवाद शुरू कर दिया और जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो सीधे फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि पीड़ित वक्त रहते पीछे हट गए और उनकी जान बच गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुभम झारिया 30 वर्ष निवासी गंगानगर चंदन कॉलोनी का एमआर हैं बीती रात वह अपने दोस्त हर्ष विश्वकर्मा के साथ, दूसरे दोस्त अनिवेश जैसवार के घर खाना खाने गए थे। रात करीब 12:30 बजे जब तीनों दोस्त खाना खाकर घर के बाहर सड़क पर खड़े थे, तभी रानी दुर्गावती स्कूल की तरफ से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार बेहद तेज रफ्तार में आई। कार चालक ने उनके पास से गुजरते समय बिना वजह खिड़की खोलकर गाली-गलौज की और आगे बढ़ गया। अचानक हुई इस गाली-गलौज का कारण जानने के लिए शुभम और उनके दोस्तों ने अपनी बाइक से कार का पीछा किया। चंदन कॉलोनी के गृहलक्ष्मी किराना स्टोर के पास कार चालक ने गाड़ी रोकी। कार से इंगेश रजक नीचे उतरा। जब तीनों दोस्तों ने उससे गाली देने की वजह पूछी, तो वह भड़क गया। उसने तीनों को दोबारा जातिगत सूचक शब्द कहे और अपमानित करते हुए दौड़कर अपने घर के अंदर चला गया। आरोपी इंगेश तुरंत अपने घर के अंदर से एक पिस्टल लेकर बाहर आया और शुभम पर जान से मारने की नीयत से सीधे फायर कर दिया। गोली चलते ही शुभम और उसके साथी तेजी से एक तरफ हट गए, जिससे गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद आरोपी ने हर्ष और अनिवेश पर दोबारा पिस्टल तान दी। खतरा बढ़ता देख तीनों दोस्तों ने हिम्मत दिखाई और आरोपी इंगेश को पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला। संजीवनी नगर पुलिस ने शुभम झारिया की शिकायत पर आरोपी इंगेश रजक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

## दो युवकों ने लगाई फांसी अधेड़ ने खाया जहर

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत शारदा नगर एवं वृंदावन कॉलोनी में दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि कटंगी थाना अंतर्गत वीरूआ में एक अधेड़ ने जहर का सेवन कर खुदकुशी कर ली। पुलिस तीनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि शारदानगर माढ़ोताल निवासी मनीष कोरी 35 वर्ष ने घर की गैलरी में लगे हुक से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। इसी प्रकार शिवांश पटैल 24 वर्ष निवासी वृंदावन कॉलोनी मदर टेरेसा माढ़ोताल ने खुद को कमरे में बंद कर पंखे के सहारे फांसी ली। इसी प्रकार कटंगी पुलिस ने बताया कि जित्तू प्रधान 33 वर्ष निवासी वीरूआ ने सूचना दी कि वह अपनी किराना दुकान में था रात 8 बजे उसकी पत्नी सोनम प्रधान ने फोन कर बताया कि बडे पापा विश्वनाथ प्रधान 70 वर्ष आंगन में पलंग नीचे के गिरकर बेहोश हो गये है, बिस्तर में सल्फास की गोली पडी है, बडे पिता विश्वनाथ प्रधान

**सहायता केंद्र ठप्प** | पुलिस से सहायता लेने की आस में फरियादी दर दर भटकने को मजबूर

# अंधेरे में डूबे सहायता केंद्र, खाली कुर्सी और बंद दरवाजे




**जबलपुर, नवभारत।** आमजनो की हिफाज़त करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित की कई पुलिस सहायता केंद्र आज खुद सुरक्षा की गुहार लगा रही है। फिर चाहे वो नौदरा ब्रिज स्थित सहायता केंद्र हो या फिर नवीन विद्या भवन के पास बनी पुलिस चौकी दोनों ही रात होते गुमनामी के आगोश में आ जाती है वही पुलिस से सहायता लेने की आस में फरियादी दर दर भटकने को मजबूर हो रहा है। आलम ये है कि नौदरा ब्रिज की पुलिस सहायता केंद्र में किसी भी घटना के बाद सहायता केंद्र पर कोई मदद मांगने जाता भी है तो वहां बंद कमरे की खाली कुर्सियों के अलावा कुछ नहीं मिलता। नवभारत ने देर रात शहर के मुख्य इलाकों पर मौजूद पुलिस सहायता केंद्रों की हकीकत टटोली तो हकीकत सामने आ गई। कहीं पर सहायता केंद्र के दरवाजे बाहर से ही बंद मिले तो कहीं पर केंद्रों को ही सहायता की दरकार नजर आई।

### हाज़िर है बल....

आगे पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि काम की व्यवस्थाओं के कारण पुलिस बल को सहायता केंद्रों पर बैठने का समय भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन बावजूद इसके जब भी किसी जरूरतमंद को पुलिस की सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो तत्काल ही बल मौके पर मौजूद हो जाता है। बता दे कि शहर के सहायता केंद्रों पर रात में पुलिस की गैरमौजूदगी अब सामान्य बात हो गई है।

कई बार देर रात दुर्घटनाओं के शिकार भागते हुए मदद मांगने के लिए इन सहायता केंद्र पर पहुंचते हैं तो यहां पर खाली कुर्सियां या फिर बंद दरवाजा ही मिलता है।

### होना है मरम्मत का कार्य

नवभारत द्वारा जब नौदरा ब्रिज स्थित पुलिस सहायता केंद्र के ठप पड़े होने को लेकर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से सवाल-जवाब किया गया तो उन्होंने बताया कि रसल चौक स्थित पुलिस सहायता केंद्र को जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है जिसके चलते इस सहायता केंद्र के मरम्मत का कार्य किया जाना है, जिसे शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

### इनका कहना है

नौदरा ब्रिज स्थित सहायता केंद्र में मरम्मत का कार्य किया जाना है जिसे शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। लोगों की सहायता के लिए पुलिस बल हमेशा मौजूद है।

**राजपाल सिंह बघेल**
**थाना प्रभारी, ओमती**